मंडल–43 के खाद्य संभरण अधिकारी के विरुद्ध घूस के स्थान पर सिगरेट के पैकेट मांगने व अपने पद का दुरुपयोग करने के आरोप को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल व मुख्य सचिव, दिल्ली प्रशासन और खाद्य तथा नागरिक पूर्ति मुख्यालय के आयुक्त एवं उपायुक्त को उपभोक्ता तथा अन्य समितियों से कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) क्या इन शिकायतों को किन्हीं आधारों पर रद्द कर दिया गया है अथवा सरकार इस संबंध में कोई कार्यवाही करने का विचार रखती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" है तो शिकायतों का ब्यौरा क्या है और शिकायतकर्ताओं के नाम व पते क्या हैं ; और

(घ) क्या इस मंडल अधिकारी का स्थानान्तरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संसदीय कार्य मंत्री तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री एच०के०एल० भगत) : (क) जी हां ।

(ख) इन शिकायतों की दिल्ली प्रशासन के खाद्य आपूर्ति तथा उपभोक्ता कार्य विभाग द्वारा जांच की जा रही है ।

(ग) चूंकि जांच कार्य चल रहा है अत : शिकायतों तथा शिकायतकर्ताओं का ब्यौरा बताना उपयुक्त नहीं होगा । दिल्ली प्रशासन से कहा गया है कि वे जांच कार्य में तेजी लायें ।

(घ) सर्किल संख्या 43 के खाद्य और आपूर्ति अधिकारी का तबादला किया जा चुका है

Allocation for Drinking Water in Rural Areas

2058. SHRI VITHALRAO MADHAV-RAO JADHAV: SHRI RA. OOF VALIULLAH:

Will the Minister of AGRICUL TURB be pleased to state:

(a) what is the total allocation made for the supply of drinking water hi rural areas of th_e country in the budget of 1987-88;

(b) the number of problem villages likely t_0 be provided drinking water facility in this year; and

(c) how much budget has been allocated for this purpose for Maharashtra?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI RAMA-NAND YADAV): (a) Rs. 370 crores have been provided in the Central Budget for 1987-88 for the Rural Water Supply Sector.

(b) In 1986-87 more than 40000 villages will be provided with safe drinking water. The target for 1987-88 is 50570 problem villages.

(c) The amount relased to Maharashtra under the Centrally Sponsored Accelerated Rural Water Supply Programme during 1986-87 is Rs. 23. 52 crores. The allocation for 1987. 88 ha_s not been finalised so far.

मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में बेलाडिला में लौह अयस्क के भंडार

2059. श्री राधाकिशन मालवीय : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के बस्तर जिले के बेलाडिला क्षेत्र में उच्च श्रेणी का लौह अयस्क प्रचुर मात्रा में पाया जाता है ;

(ख) यदि हां तो क्या यह भी सच है कि बेलाडिला से लौह अयस्क का दोहन करके विदेशों को निर्यात किया जा रहा है: और

(ग) यदि हां, तो क्या निर्यात करने के बाद भी इस क्षेत्र में लौह अयस्क का भारी भंडार है और यदि हां, तो